सर्वधर्म प्रार्थना सभा 2018

1 अक्टूबर 2018 प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी मोन्टफोर्ट विद्यालय के प्रांगण में सर्वधर्म प्रार्थना सभा स्काउट एवं गाइड , कब्स बुलबुल द्वारा विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनचन की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ । कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। तत्पश्चात् प्राचार्य मोनाचन द्वारा महात्मा गाँधी तथा लालबहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यापर्ण किया गया।

आज के दिन हमने अपने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी तथा लालबहादुर शास्त्री का जन्मदिवस भी मनाया। नमन है हमारे ऐसे राष्ट्रपिता को जिन्होंने सत्य, अहिंसा और प्रेम के मार्ग पर चलकर देश को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराया। हमारा भारत विविधताओं का देश है जहाँ विभिन्न संप्रदाय जाति के लोग निवास करते हैं। इसी संकल्पना को साकार करते हुए हमारे विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न धर्मों की प्रार्थना संपूर्ण विद्यालय के समक्ष प्रस्तुत की। साथ ही साथ सभी छात्रों ने ये संदेश दिया कि हम सब एक हैं। विभिन्न भजन भी गाए गए । प्राचार्य महोदय ने भी अनेकता में एकता दर्शाते हुए इस भाईचारे को और प्रगाढ़ करने का संदेश दिया। उन्होंने संपूर्ण विद्यालय को इस सफल कार्यक्रम की बधाई भी दी । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान से हुआ।